आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500 बजे

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ई.सी.आई.एन.ई.टी. की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज दोपहर बाद दिल्ली से शिमला लौट रहे हैं। मुख्यमंत्री दोपहर बाद शिमला के कंगनाधार में हिमुडा पार्किंग फेज–3 का उद्घाटन करेंगे।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर कर्मचारी विरोधी होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितैषी होने का राग अलापने वाली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से शिक्षक अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं लेकिन सरकार ने उनकी आवाज़ दबाने के लिए उन पर एफ.आई.आर. दर्ज की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अब तक 9 सौ शिक्षकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं और 10 से अधिक शिक्षक सस्पैंड किए गए हैं। उन्होंने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

परीक्षा

आज देश भर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा देश में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। एन.टी.ए. ने कहा है कि परीक्षा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी देने वाले 165 से अधिक टेलीग्राम चौनलों तथा 32 से अधिक इन्स्टाग्राम चौनलों पर कार्रवाई की गई है। एन.टी.ए ने विद्यार्थियों से भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है।

धर्मशाला मैच

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज होने वाले आई.पी.एल. मैच में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंटस की टीम ने कल शाम के सत्र में अभ्यास किया और पिच की जानकारी ली।

मौसम

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज भी गरज के साथ वर्षा का क्रम जारी है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने 8 मई तक कुछ स्थानों पर वर्षा व ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

## सम्मान

कांगड़ा ज़िले में बेहतरीन कार्य करने वाले तहसीलदारों को उपायुक्त हेमराज बैरवा ने धर्मशाला में सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि सभी राजस्व अधिकारियों की प्रगति की रिपोर्ट की नियमित समीक्षा की जा रही है और बेहतरीन कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है ताकि राजस्व संबंधी कार्यों के त्वरित निपटारे के लिए अधिकारी प्रेरित हो सकें।